ईदुल फितर अकीदत व एहतराम के साथ मनाया, मिलने वालों को मुबारकबाद दी

पाली में ईदुल फितर पर लोगों ने ईदगाह व मुस्लिम मोहल्लों में मुबारकबाद दी। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर के शाही ईदगाह मस्जिद में ईदुलफितर की नमाज मौलाना मुफती मारुफ ने करवाई। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। जालोर जिल में ईदुल फितर का पर्व अकीदत व एहतराम के साथ मनाया गया। शहर के शाही ईदगाह मस्जिद में पेश ईमाम मौलाना मुफती मारुफ ने ईदुल फितर की नमाज अदा करवाई। वही इस बार ईदगाह में जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों के उपस्थित नही रहना चर्चा का विषय बना रहा।

जालोर में ईदुलफितर के पर्व को लेकर मुस्लिम मोहल्लो में अल सुबह से रौनक नजर आई । रविवार को चांद नजर आने के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक दूसरे को चांद मुबारक व ईदुल फितर की मुबारक देने का सिलसिल शुरु किया। वही देर रात्रि तक मोमिनो ने ईदुलफितर की तैयारियों नजर आये। सोमवार सुबह 8.30 बजे ईदुलफितर की नमाज का समय निर्धारित होने से मुस्लिम समुदाय के लोग अल सुबह ही नहा धोकर नये नये परिधान पहनकर इत्र आदि लगाकर मुँह मीठा कर ईदगाह की तरफ रवाना हुए । ईदगाह की तरफ मोमिनो का रेला नजर आया । ईदगाह मस्जिद में मौलाना मुफती मारुफ ने तकरीर करते हुए कहा कि ईदुलफितर का पर्व नेकियो, बरकतो व रहमतो का महिना है । इस महिने मोमिन खुदा की इबादत में मसगूल रहने के साथ कुरान की तिलावत कर खुदा की बारगाह में अपनी गुनाहो की तौबा करते है । उन्होने कहा कि ईदुलफितर की नमाज अदा करने से पहले पहले जकात, खैरात व फितरा आदि करना चाहिए । ईदुलफितर की नमाज का निर्धारित समय होने पर मौलाना मुफती मारुफ ने ईदुलफितर की नमाज अदा करवाई । इसके बाद मोमिनो को इस्लाम के बताये रास्ते पर चलने व देश में अमन, चैन व खुशहाली की कामना की । ईदुलफितर की नमाज अदा करने के बाद मोमिनो ने एक दूसरे के गले मिलकर ईदुलफितर की मुबारकबाद दी । ईदुलफितर की मुबारकबाद देने का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा । ईदुलफितर को लेकर मुस्लिम मोहल्लो में रौनक नजर आई । वही नन्हे बच्चो ने ईदी प्राप्त कर खुशी जाहिर की । वही मोमिनो ने अपने अपने घरो में खीर , सवाईयां आदि बनाकर खुशी का इजहार किया । जिलेभर में ईदलफितर का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

ईदगाह में हर वर्ष ईद की नमाज के दौरान जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी मुस्लिम समुदाय के लोगों को ईद की मुबारकबाद देने के लिए उपस्थित रहते हैं, लेकिन इस बार जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों के लिए लगाये गये टेंट में एक भी उपस्थित नहीं होने से मुस्लिम समाज में चर्चा का विषय बना रहा।

वही कांग्रेस के युवा नेता लक्ष्मण सांखला, पूर्व प्रतिपक्ष नेता मिश्रीमल, सुरेश मेघवाल व अन्य युवा नेता जरुर ईदुलफितर की मुबारकबाद देने के लिए ईदगाह में उपस्थित रहे। वही ईदगाह में एक भी प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित नजर नही आया।ईद-उल-अजहा पर ईदगाह में नमाज अदा की

सायला संवाददाता के अनुसार : उपखण्ड मुख्यालय सहित क्षेत्रभर में सोमवार को मुस्लिम समुदाय की ओर से ईद-उल-अजहा का पर्व अकीदत के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर सायला में शीतला माता चौक स्थित दरगाह में सुबह मोमिनो के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। इसके बाद मौलाना अहमद हुसैन ने मोमिनों को ईद की नमाज अदा करवाई। नमाज में दुआ मांगकर खुशहाली की कामना की। साथ ही सभी को नेकी की राह पर चलते हुए खुदा की इबादत करने को कहा। नमाज अदा करने के बाद एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। वही एक-दूसरे के घर जाकर बधाई दी। इस दौरान प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी लगातार शांति व्यवस्था में मुस्तेद नजर आएं। इसी प्रकार क्षेत्र के सांगाना, तेजा की बेरी, जीवाणा, सिराणा में भी ईद का पर्व मनाया गया।

ईदगाह पर ईद की नमाज में भीड़ रही

पाली, (नि.सं.)। पाली जिला मुस्लिम समाज ने सोमवार को ईद उल फ़ितर अकीदत और एहतराम से मनाई।

जिला मुस्लिम समाज के प्रवक्ता शकील अहमद नागौरी ने बताया कि ईदगाह में मौलाना दानिश कफ़ील ने ईद की नमाज सुबह 8 . 30 बजे अदा करवाई। तकरीरी बयान के बाद मौलाना ने मोमिनो को ईद की नमाज अदा करवाई और ख़ुत्बा पढ़ा नमाज अदा करने के बाद मोमिनों की आँखे खुशी से छलछला आई।

इस अवसर पर मुस्लिम समाज पाली , सदर मोहम्मद हकीम , द्वारा ईदगाह पेश इमाम मौलाना दानिश कफील , ईदगाह कमेटी सदर मोहम्मद हनीफ के साथ जिला कलेक्टर पाली एल एन मंत्री ,पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट , , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अखिलेश शर्मा , सिटी सी ओ ,शहर कोतवाल अनिल विश्नोई , सहित अधिकारियों का माला साफा पहनाकर इस्तकबाल किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष हाजी मेहबूब टी , सेकेट्री हाजी रफ़ीक गोरी , प्रवक्ता शकील अहमद नागौरी , अमजद अली रंगरेज ,यूसुफ मोयल , वकील साबिर खान हसन भाटी, रिजवान चडवा ,असगर कुरेशी, अनवर सोजत , यूसुफ अशरफी इत्यादि मुस्लिम समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे। कांग्रेस के विधायक भीमराज भाटी, जिला अध्यक्ष अजीज दर्द प्रवीण कोठारी, संगीता बेनीवाल, महावीर सिंह सुकरलाई, मंगू सिंह दुदावत जोगाराम सोलंकी सभी ने नमाजों को शुभकामनाएं दी।

पाली शहर की मुख्यरूप से इन मस्जिदों में पेश इमाम ने पाली शहर की विभिन मस्जिदों में ईदुल फितर की नमाज अदा कर करवाई।

पाली जिला मुस्लिम समाज के गणमान्य लोगों के नेतृत्व में मुस्लिम समाज के गणमान्य लोगों ने मस्जिदों में नमाज अदा कराने वाले पेश इमामो को इमामा (पगड़ी) पहनकर गुलपोशी कर पेश इमामो का स्वागत किया गया।

मोमिनो ने ईदुल फित्र की नमाज अदा करने से पूर्व अपने साल भर की अपनी कमाई का एक हिस्सा जकात व् इमदाद के रूप में गरीबो यतिमो व् मिस्कीनों को को खेरात के रूप में बांटी।

पाली जिला मुस्लिम समाज के सदर मोहम्मद हकीम भाई , सचिव रफीक गोरी ,मुस्लिम समाज प्रवक्ता शकील अहमद नागौरी , जिला कांठोस अध्यक्ष अजीज दर्द ,यूसूफ मोयल , चोटिला सदर अमजद अली , आमीन अली रंगरेज, शहजाद शेख , हाजी इंसाफ मोयल , हारून मलिक , शाहिद पिनु , यासीन रॉयल , रिजवान चढवा, हसन भाटी ,हाजी लतीफ कोहिनूर , असगर कुरेशी , अकरम अजमेरी, रमजान सामरिया , फारूक रंगीला, नोशाद खान , आरिफ नवीन , आरिफ रंगरेज ,मासूम अली मेव , गुलाब खान सोढा ,जावेद जिलानी ,अकरम अजमेरी, शेर मोहम्मद कुरेशी ,सहित मुस्लिम समाज के लोगों ने ईदगाह व मुस्लिम मोहल्लो में पहुंच कर मोमिनो को ईदुल फित्र की मुबारक बाद देकर एक दूसरे को गले लगाकर मुसाफहा किया। नमाज के दौरान पूरे इलाके में पुलिस की माकूल व्यवस्था रही।

जलदाय विभाग ने वसूले 2 लाख 50 हजार रुपए

बालोतरा, (निसं)। जिले में परियोजना की मुख्य पाइप लाइनों से अवैध तरीके से पानी चोरी करने वालों के विरुद्ध जलदाय विभाग की कार्यवाही निरंतर जारी है।

जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिशाषी अभियंता बाबूलाल मीणा ने बताया कि सोमवार को परियोजना खण्ड बालोतरा के अधिकारियों द्वारा अवैध रूप से पाइप लाइनों से पानी चोरी करने वालो के विरूद्ध अभियान के तहत पाटोदी एवं बालोतरा क्षेत्र मे सहायक अभियंता राकेश शर्मा के में नेतृत्व कार्यवाही की गई। जिसमें 12 व्यक्तियों के अवैध जल संबंध चिन्हित किए गए एवं इनके विरूद्ध पचपदरा थाने में मुकदमा दर्ज करवाया गया।

उन्होंने बताया कि 30 मार्च, रविवार को जसोल, तिलवाडा क्षेत्र में विभागीय अधिकारी अधिशाषी अभियंता छत्राराम एवं सहायक अभियंता राकेश शर्मा द्वारा अवैध कनेक्शन तथा अवैध रूप से पानी चोरी कर्ताओं के विरूद्ध की गई। सोमवार को संबंधित व्यक्तियों द्वारा 2 लाख 50 हजार जुर्माना पेनल्टी राशि के रूप मे जमा करवाया गया, जिसे राजकोष में जमा किया जा चुका है।

उन्होंने कहा कि कोई भी अवैध कनेक्शन कर्ता या अवैध रूप से पानी बेचने वाला यह नहीं समझे कि उसकी सुचना विभाग के पास नहीं हैं। प्रतिदिन प्लान अनुसार कार्यवाही की जा रही हैं और आगे भी जारी रहेगी।

अभी भी समय है पानी का अवैध रूप से बेचान बन्द कर देंवे। अन्यथा कार्यवाही निश्चित है।

सांस्कृतिक संध्या व कवि सम्मेलन आयोजित

पाली, (नि.सं.)। राजस्थान स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित विविध आयोजनों की श्रंखला में आज रविवार को रात्रि में स्थानीय लोढा स्कूल में सांस्कृतिक संध्या औऱ कवि सम्मेलन का आयोजन पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन, पाली की आर से आयोजित किया गया।

इस अवसर पर आये हुए अतिथियों ने कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर पाली विद्यायक भीमराज भाटी, जिला कलेक्टर एलएन मंत्री ,जिला पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट , अतिरिक्त जिला कलेक्टर अश्विनी सिंह, यू आई टी सचिव डॉ पूजा सक्सेना,उपखण्ड अधिकारी पाली विमलेंद्र राणावत , पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक शरद, मौजूद रहे।

इस अवसर पर सांस्कृतिक संध्या के प्रमुख आकर्षण में मिट्ठू खा, बड़नावा जागीर दल द्वारा लंगा गायन श्रीमती लीला देवी पादरला दल द्वारा तेरह ताली और घूमर नृत्य प्रस्तुति, जितेंद्र पाराशर, डीग दल द्वारा फूलों की होली और मयूर नृत्य प्रस्तुति ,राजस्थान संगीत नाटक अकादमी के लोक कलाकारों उकमा राम परिहार द्वारा लाल आंगी गेर की प्रस्तुति रुपनाथ कालबेलिया द्वारा कालबेलिया नृत्य की रंगारंग प्रस्तुतियां दी गयी पाली के स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी गयी। इस अवसर पर प्रसिद्ध मांड गायिका स्वर कोकिला गवरी देवी का सम्मान विद्यायक भाटी व जिला कलेक्टर मंत्री द्वारा किया गया।

कवि सम्मेलन में आये हुए कवियों ने राजस्थान कला ,संस्कृति इतिहास से जुड़ी काव्यपाठ किया जिनमे डॉ कविता किरण डॉ कैलाश चंद्र मंडेला ,आशा पाण्डेय ओझा, मुरलीधर गौड़, डा राम अकेला शंकर शिखर , तृप्ति पाण्डेय, प्रमोद भंसाली ने अपनी कविताओं का पाठ किया।

प्रकाश बालड़ अध्यक्ष, सतीश मण्डोत सचिव बने

बालोतरा, (निसं)। जैन सोशियल ग्रुप की वार्षिक साधारण सभा और नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पदाधिकारियों का शपथग्रहण समारोह द जूरी रिसोर्ट बालोतरा में ग्रुप अध्यक्ष महेन्द्र गोलेच्छा की अध्यक्षता में हुआ।

सचिव जितेन्द्र पी लुंकड ने बताया कि वर्ष 2025-27 कार्यकाल हेतु अध्यक्ष प्रकाश बालड को सर्वसम्मति के चुना गया, जिन्हें पूर्व अध्यक्ष राजेश श्रीमाल द्वारा शपथ दिलाई गयी। तत्पश्चात अध्यक्ष द्वारा नवगठित पदाधिकारी उपाध्यक्ष धनसुख चोपडा व पारसमल बुरड सचिव सतीश कुमार मण्डोत सहसचिव रणजीत श्रीश्रीमाल कोषाध्यक्ष मुकेश पी सालेचा को पद की शपथ दिलाई गई

ग्रूप की साधर्मिक प्रकल्प के संयोजक कमलेश बांठिया द्वारा ग्रुप द्वारा की जा रही योजना की जानकारी दी गई तथा सभी से सहयोग का निवेदन किया गया मीटिंग में ग्रूप के पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र बागमार, आनंद मेहता, धनराज ओस्तवाल, दिनेश ढेलडिया, मोहन बाफना अशोक भंडारी एवं नरेश सालेचा नवकार, प्रकाश वैदमेहता, राजेंद्र सालेचा, जिनेश सालेचा, सुशील अन्याव, महावीर चोपडा, तनसुख तातेड, पंकज बालड हुलाश चोपडा, कमलेश रांका, मदन रांका, मुकेश चोपडा, राजू बागरेचा, डॉ कपिल गोगड, वैभव बागमार, रमेश भंसाली, रवि ओस्तवाल एवं अन्य दम्पति सदस्यों की गरिमामय उपस्ति रही अंत में ग्रूप की मीटिग में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष प्रकाश बालड न आभार प्रकट किया।

वोल्टेज व विद्युत समस्याओं का होगा निस्तारण : गर्ग

जालोर के पास मोहनजी प्याऊ स्थित 33/11 के.वी. सब स्टेशन का शिलान्यास मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। जोधपुर डिस्कॉम के जालोर वृत्त के अधीन स्वीकृत 33/11 केवी सब स्टेशन मोहनजी की प्याऊ का शिलान्यास कार्यक्रम राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग के मुख्य आतिथ्यि में सोमवार को विधिवत सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि 33/11 केवी सब स्टेशन के निर्माण से रणछोड नगर, मोहनजी की प्याऊ, औद्योगिक क्षेत्र सहित विभिन्न श्रेणियों के विद्युत उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिल सकेगा साथ ही ग्रेनाइट उद्यमियों की वोल्टेज की समस्या का निस्तारण संभव होगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने स्थानीय निवासियों से चर्चा करते हुए बिजली आपूर्ति के संबंध में फीडबैक लिया तथा विभागीय अधिकारियों को एफआरटी टीम की मदद से समयबद्ध तरीके से फॉल्ट का निस्तारण करवाने, ट्रांसफॉर्मर की पर्याप्त संख्या में उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही किसानों के ट्रांसफॉर्मर जलने पर उन्हें जल्द से जल्द बदलने की बात कही।

उन्होंने प्रत्येक जीएसएस पर नॉर्म्स के अनुसार संबंधित फर्मों को पाबंद करते हुए तकनीकी कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। केन्द्र सरकार की आरडीएसएस योजना के तहत अनुमानित लागत 350 लाख की राशि से 33/11 केवी सब स्टेशन का निर्माण किया जायेगा जिसमें 1x5 एमवीए का पॉवर ट्रांसफॉर्मर, 3.5 किलोमीटर 33 केवी लाईन, 6.2 किलोमीटर 11 केवी लाईन का निर्माण कार्य किया जायेगा।

इस अवसर पर रवि सोलंकी, दिनेश गोयल, प्रकाश परमार, प्रहलादसिंह निठारवाल, दिलीप शर्मा, महेन्द्र सिंह, प्रेमाराम देवासी, ओबाराम देवासी, पुखराज चौधरी, लक्ष्मण सुन्देशा, विद्युत विभाग के एसई धर्मेन्द्र प्रजापति, अधिशासी अभियंता नारायणलाल सुथार सहित डिस्कॉमकर्मी उपस्थित रहे।

रेवदर क्षेत्र में कांग्रेस की बैठक आयोजित

रेवदर, (निसं)। रेवदर कांग्रेस पार्टी की सिरोडी मंडल की बैठक जुंझार प्रताप सिंह देवडा मंदिर प्रांगण में आयोजित हुई। बैठक सिरोडी मण्डल अध्यक्ष दलपत सिंह नागाणी कि अध्यक्षता में हुई। रेवदर आबु रोड विधायक मोतीराम कोली , रेवदर ब्लोग अध्यक्ष कृष्णवीर सिंह रोहुआ, विधानसभा क्षेत्र प्रभारी गोविंद बंजारा का मार्गदर्शन रहा।

बैठक को संबोधित करते हुऐं विधायक मोतीराम कोली ने आने वाले पंचायतीराज चुनाव में एक जुडता के साथ चुनाव लडेंगी। कांग्रेस पार्टी वहीं प्रभारी गोविंद बंजारा ने भी कहा कि रेवदर विधानसभा में संगठन को मजबूत करना है। वहीं ब्लॉकअध्यक्ष कृष्ण वीर सिंह रोहुआ ने भी बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी पंचायती राज्य चुनाव में पार्टी को एक जुडता के साथ चुनाव लडना है और हर बुथ को मजबूत करना जो अभी से कार्यकर्ताओं को कमर कसनी है। वहीं आगामी पंचायत राज्य चुनाव में कांग्रेस का कबजा रहे जो आज से हीं मेहनत करनी शुरू करनी है।

बैठक समापन पर मण्डल अध्यक्ष दलपत सिंह नागाणी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। सिरोडी सरपंच शेतानसिह देवडा ब्लोग उपाध्यक्ष व पर्व सरपंच लक्ष्मण सिंह पोसिन्दरा सुरजपाल सिंह देवडा पंचायत समिति सदस्य परसराम टोकरा बांध समिति अध्यक्ष भरतसिंह पिथापुरा देवेन्द्र सिंह नागाणी आशीष राव सनवाडा सुल्तान सिंह पिथापुरा शंकरलाल उडवाडीया मोटाराम टोकरा वजाराम तुलसी राम असावा अक्षय कुमार दिलीप नाथ आदि मौजूद रहे।

पाली में लाखोटिया तालाब, भीतरी क्षेत्र सोमनाथ रोड, पानी दरवाजा फतेहपुरिया की पोल, रामदेव रोड, रजत नगर, बापू नगर विस्तार आदि क्षेत्रों में गणगौर पर्व की धूम रही। फोटो-राष्ट्रदूत

सनातन ही श्रेष्ठ धर्म है : स्वामी ओमानन्द सरस्वती

जालोर में आर्य समाज के स्थापना दिवस के कार्यक्रम को स्वामी ओमानन्द सरस्वती ने सम्बोधित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। आर्ष गुरुकुल महाविद्यालय आबू पर्वत के अधिष्ठाता स्वामी ओमानन्द सरस्वती ने कहा कि सनातन धर्म की मान्यताए वैज्ञानिक है । इसलिए सनातन धर्म ही श्रेष्ठ धर्म है। हमें देशभक्ति, मातृभक्त, धर्म भक्ति और ईश्वर भक्ति तैयार करने की आवश्यकता है । वे यहां रविवार शाम को पुरानी सब्जी मंडी स्थित आर्य वीरम व्यायाम शाला में आर्य वीर दल एवं आर्य समाज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित आर्य समाज के 150 वें स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा की चेत्र शुक्ल प्रतिपदा पर नया वर्ष शुरू होता है इस दिन पर पृथ्वी पर चारों ओर आनंदित वातावरण होता है । उन्होंने कहा की आर्य समाज से विचारों से प्रभावित हजारों नौजवानों ने आजादी के आंदोलन में अपनी कुर्बानी दी। स्वामी ने कहा कि आर्य श्रेष्ठ व्यक्ति को कहते हैं और श्रेष्ठ बनने के लिए आपको अचार- विचार,आचरण शुद्ध रखना पडेगा। तभी हम आर्य कहलाने के अधिकारी होंगे। उन्होंने महर्षि दयानंद सरस्वती के दिए गए योगदान के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने छुआछूत,जातिवाद सहित अन्य कई बुराइयों के खिलाफ जन जागरण कर लोगो को जागरूक किया। उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम एवं योगीराज श्रीकृष्ण के आदर्शों को जीवन मे उतारने पर जोर दिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में आबू पर्वत गुरुकुल के ब्रह्मचारी दक्ष आर्य, ब्रह्मचारी देवेश आर्य व ब्रह्मचारी स्वयं प्रकाश आर्य मनमोहक भजन प्रस्तुत किये।

सम्राट वीर विक्रमादित्य की मूर्ति का अनावरण

आकोली गांव में सम्राट वीर विक्रमादित्य की मूर्ति का अनावरण समारोह हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (नि.सं.)। आकोली गांव के बस स्टैंड के समीप रविवार को सम्राट वीर विक्रमादित्य की मूर्ति का अनावरण समारोह पूर्वक हुआ। कार्यक्रम सम्राट वीर विक्रमादित्य स्मारक निर्माण समिति एवं समस्त ग्रामवासी आकोली के तत्वावधान में आयोजित हुआ। महंत प्रताप पुरी महाराज तारातरा मठ बाड़मेर एवं आचार्य श्रीमद् विजय जयरतन सुरीश्वर महाराज एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जोगेश्वर गर्ग मुख्य सचेतक राजस्थान सरकार थे ।कार्यक्रम में सानिध्य लेटा महंत रणछोड़ भारती जागनाथ नारणावास के महंत महेंद्र भारती ,कटकेश्वर महंत कुलदीप भारती आनंद नाथ महाराज , सांथू गायत्री आश्रम के विष्णु स्वरूप महाराज कैलाश नगर के साध्वी सत्यानंद नवाराम भोपाजी आदि संतों के सानिध्य में कार्यक्रम हुआ। विशिष्ट अतिथि आहोर विधायक छगन सिंह राजपुरोहित सेवानिवृत आईएएस अधिकारी गंगा सिंह परमार खंगार सिंह आकोली त्रिभुवन सिंह आकोली आकोली सरपंच चोपाराम देवासी मौजूद रहे।

मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि सम्राट वीर विक्रमादित्य महान् सम्राट थे, उन्होंने बिना भेदभाव किये सबको साथ लेकर हमेशा न्याय किया उन्होंने सभी से उनके पद चिन्हों पर चलने का आहवान किया। महंत प्रतापपुरी ने कहा कि वीर विक्रमादित्य वो राजस्थान के ही नहीं पूरे भारत के सम्राट थे। उन्होंने हमेशा न्याय के साथ शासन किया। उनके आदर्शों को आज भी याद किया जा रहा है। आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने कहा कि आकोली गांव में वीर विक्रमादित्य की मूर्ति लगना ग्राम वासियों के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि आकोली समेत आसपास के लोग मूर्ति से प्रेरणा लेंगे उन्होंने ग्राम वासियों एवं भामाशाहों का आभार जताया।

रेवत सिंह पाटोदा ने वीर विक्रमादित्य के जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके शासनकाल से ही नव वर्ष विक्रम संवत का आरंभ हुआ था जो आज भी चल रहा है ।

कार्यक्रम के अंत में सेवानिवृत आईएस गंगा सिंह ने संत महात्मा एवं अतिथियों का आभार जताया। कार्यक्रम में मंच का संचालन राजेंद्र सिंह ने किया।

मूर्ति का अनावरण ढोल बाजे के साथ हुआ। इस दौरान आकोली समेत बागरा देलदरी सांथू ,सरत नारणावास आडवाडा बुगाव देवाडा जालौर मांडोली ,बिबलसर सियाणा रामसीन सरत नून चादुर कोलर सिकवाडा डुडसी धानपुर दीगाव समेत दर्जनों गांव के लोग कार्यक्रम में पहुंचे। पंडित तेजराज ने कार्यक्रम विधि विधान पूर्वक करवाया।

बागरा थानाधिकारी मोहन लाल गर्ग , कालूसिंह आकोली, नारायण सिंह, हितेंद्र सिंह थुर, डुंगर सिंह, भुपेंद्र देवासी ,रूप सिंह नारणावास, नाथू सोलंकी , अर्जुन सिंह देलदरी, बग सिंह बागरा , लाल सिंह धानपुर , जोग सिंह आडवाड़ा, चौपा राम आडवाड़ा ,हरी सिंह ,प्रकाश सुथार, फुसाराम लोहार, जबर सिंह भायल , मंगल सिंह चौहान,भानाराम देवासी, मांग सिंह, मोटाराम घांची आदि मौजूद थे।

कार्यालय ग्राम पंचायत मडगांव पंचायत समिति, जालोर

क्रमांक/ग्रांपम /मनरेगा /2025-26 /19 दिनांक: 31/03/2025

ई-निविदा सूचना संख्या 01/2025-26

ग्राम पंचायत मंडगाव में वित्तीय वर्ष 2025-26 की अवधि के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की योजनाओ में कराये जाने वाले कार्यो के लिए निर्माण स्रामगी एवं उपकरणो की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 (आदिनांक संशोधित) के अनुसार राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के तहत वस्तु एवं सेवाकर (GST) अधिनियम 2017 के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा पंजीकत अनुभवी एंव इच्छुक विर्निमाता (ओ) / विक्रेता (ओ) / फर्मो /संवेदको / आपूर्तिकताओ से जो किसी भी राजकीय संस्थान / उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित /ब्लेक लिस्टेड नही हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से निविदाएं आमंत्रित की जाती है ई-निविदा संबधी समस्त विस्तत विवरण कार्यालय नोटिस बोर्ड तथा www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जाकर डाउनलोड कर www.eproc.rajasthan.gov.in. ई-निविदा ऑनलाईन अपलोड की जा सकती है ।

NIB No. - ZJR2425A0639
UBN No. - ZJR2425GLOB01240

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत, मंडगाव पंचायत समिति जालोर

सरपंच/ प्रशासक ग्राम पंचायत,मंडगाव पंचायत समिति जालोर